भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BANGALORE MIRROR BANGALORE 13 APRIL 2025

# Ministers jostle for second airport site selection

## Political leaders pitch constituencies; AAI to submit feasibility report in a month

Bangalore Mirror Bureau
mybangaloremirror
@timesofindia.com

TWEETS @BangaloreMirror

With the AAI team visiting the city to inspect the proposed sites, a political tug-of-war has erupted within the ruling party over the proposed location for Bengaluru's second international airport. While the Airports Authority of India (AAI) is yet to finalise a site based on multiple technical and logistical criteria, ministers and legislators have started lobbying for the airport to be established in their respective constituencies.

Public Works Minister Satish Jarkiholi revealed that he had already written to Chief Minister Siddaramaiah, suggesting that the new airport should be located in either Sira, Nelamangala, or Tumakuru. "Sira would be ideal. If not, Nelamangala or Tumakuru is more suitable. I've also communicated this to the Union Civil Aviation Minister and received a positive response," Jarkiholi said, opposing the idea of locating the new airport near Kanakapura Road in south Bengaluru. "That area is already congested with traffic and not ideal for future growth. Building an airport there serves no purpose," he argued.

Countering his remarks, Deputy Chief Minister DK Shivakumar said, "It doesn't have to be in Kanakapura, but I have no objections to wherever the airport is set up as long as it's beneficial to Karnataka."



AAI team inspects proposed sites for Bengaluru second airport

**"Shira would be ideal. If not, Nelamangala or Tumakuru is more suitable. I've also communicated this to the Union Civil Aviation Minister and received a positive response**

–Public Works Minister Satish Jarkiholi

Meanwhile, TB Jayachandra, MLA from Sira and the State Government's representative in Delhi, said he had submitted a letter signed by over 30 MLAs from north Karnataka recommending Sira as the site for the second airport.

### Final decision within a month

Minister for Infrastructure Development MB Patil said that a high-level AAI team had conducted surveys at three potential sites and is expected to submit its findings within a month. "Once the feasibility reports are reviewed, we'll approach expert agencies for a detailed study, after which the government will finalise the location," he said.

Patil also emphasised that merely having land was not enough. "You need developers. Just because I want it in Vijayapura doesn't mean it can happen. Companies like Tata and Adani assess feasibility and only then come forward to invest," he explained.

### No one can hijack this project

Home Minister Dr G Parameshwara also weighed in, commenting on the various proposals. "A survey has been conducted in Nelamangala and Kanakapura too. But the airport must meet AAI's strict guidelines. We welcome the recommendation for Sira, but this project cannot be hijacked by anyone," he said.

He added that while several leaders, including TB Jayachandra and Aravind Bellad, had suggested Sira, the location might not be ideal from the perspective of Bengaluru's accessibility.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE HINDU DELHI 14 APRIL 2025

# Playing politics on the runway

## The government should pay heed to the needs of passengers and not politicians

**STATE OF PLAY**

**Hemanth C.S.**
hemanth.cs@thehindu.co.in

Seldom do infrastructure projects, especially in the mobility sector, catch the attention of lawmakers. The lack of attempts being made to fix Bengaluru's potholed roads or speed up the progress of the metro rail project indicate this apathy in the Karnataka's capital city.

However, one large project is drawing the attention of lawmakers. Even those outside the city seem interested in getting a slice of this massive real estate pie, which could be around 5,000 acres of land.

This project is the second greenfield international airport in Bengaluru, which is a necessity for the city as the Kempegowda International Airport (KIA) will not be able to accommodate more than its peak capacity of 80 million-90 million passengers by the turn of the next decade.

With no scope for the KIA's expansion, the Karnataka government began exploring potential sites for the second airport a decade early, which is a welcome sign.

Having finalised three potential sites for the second airport – two on Kanakapura Road in south Bengaluru and one on Nelamangala-Kunigal Road – the Karnataka State Small Industries Development Corporation, the industrial and investment promotion agency of the State government, recently invited an Airports Authority of India (AAI) team to inspect them and conduct a feasibility study on these sites.

To coincide with the AAI team's visit, 42 legislators from various political parties led by veteran Congress leader T.B. Jayachandra petitioned Chief Minister Siddaramaiah to develop the airport at Sira in Tumakuru district, which is about 120 kilometres from Bengaluru. Prior to this, Home Minister Dr. G Parameshwara had also pitched for Tumakuru, his home district located north of Bengaluru, as the best location for a second airport.




The lobbying for the airport to be developed in these locations has deeper political overtones, especially given the ongoing battle over chief ministership between the incumbent, Mr. Siddaramaiah, and his deputy, D.K. Shivakumar. Two of the three shortlisted sites which were inspected by the AAI team are part of, or are close to, Mr. Shivakumar's Assembly constituency, Kanakapura. Those who oppose the development of the airport in south Bengaluru have hinted that Mr. Shivakumar will stand to gain if the project comes up there.

Meanwhile, Infrastructure Development Minister M.B. Patil said that the second airport is being constructed for the city and the decision is not about personal preferences. He said that the government would go by the Centre's directives, viability and feasibility reports, and a detailed project report prepared by global consultants. He also shot down the demands of the 42 legislators, stating that setting up a greenfield international airport in Sira is not viable and that a district-level airport could, at best, be built there.

That leaves south Bengaluru as the most viable option. Is this a step in the right direction? Experts and IT heads and a majority of those living in the southern part of the city believe it is. Prior to the opening of the KIA in Devanahalli, located in north Bengaluru, there were calls for keeping operational the existing Hindustan Aeronautics Limited (HAL) airport, located in the eastern part of the city, for commercial operations or at least short-haul flights. Protesters demanding this argued that commuting to KIA would be tedious for those living in south and east Bengaluru due to traffic woes. But the HAL airport had to close commercial operations due to an agreement between the Union Ministry of Civil Aviation and Bengaluru International Airport Limited, the operator of KIA. As per the agreement signed on July 5, 2004, no airport can operate within an aerial distance of 150 km of the airport before the 25th anniversary of KIA, which falls in May 2033. As this agreement expires in 2033, KIA too will run out of capacity, paving the way for the second airport.

Residents of south Bengaluru point out that building an airport beyond the existing one does not address their concern. Besides, constructing an airport in southern Bengaluru would also thwart competition from the proposed Hosur airport, which the Tamil Nadu government is pursuing. After all, commuting to the proposed Hosur airport to board a domestic flight would be a better option for residents of the southern part of the city than travelling more than two hours to reach KIA or an airport beyond it.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR JAIPUR 12 APRIL 2025

# एयरपोर्ट; टैक्सी चालकों का पार्किंग और किराए को लेकर हुआ विवाद

**जयपुर** | जयपुर एयरपोर्ट पर शुक्रवार को टैक्सी चालकों और एयरपोर्ट प्रशासन के बीच पार्किंग और किराए को लेकर विवाद हुआ। इस पर एयरपोर्ट पर ओला-उबर कैब चालकों ने विरोध-प्रदर्शन किया। दरअसल, पोर्च एरिया में पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। एयरपोर्ट सुरक्षा में तैनात क्यूआरटी व्हीकल और टैक्सी कारों की पार्किंग को लेकर सीआईएसएफ के जवानों और कैब चालकों के बाद बीच विवाद हुआ। ये विवाद टैक्सी चालकों का पार्किंग स्थान बदले जाने को लेकर हुआ। इस पर टैक्सी चालकों ने सवारियां उतार दीं। इसके बाद सवारियों से एयरपोर्ट के बाहर से टैक्सी बैठाया। वहीं, टैक्सी चालकों ने गुरुवार रात को भी ओला-उबर की दरें कम करने को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया और हड़ताल की। इसके बाद में एयरपोर्ट प्रशासन ने टैक्सी चालकों के साथ वार्ता की, जिसमें एयरपोर्ट पर टैक्सी के लिए पार्किंग यथावत रखी गई। वहीं, कैब कंपनियों के साथ किराया निर्धारण पर भी चर्चा की गई। इसके बाद एयरपोर्ट के अंदर से ओला-उबर कैब सर्विस फिर से शुरू हुई।

DAINIK BHASKAR JAIPUR 12 APRIL 2025

प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर चला रहे अभियान

# हिसार हवाईअड्डा परिसर से तीन नीलगाय और पकड़ीं; दावा- अब कोई जानवर नहीं

भास्कर न्यूज़ | हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से पहले महाराजा अग्रसेन हिसार एयरपोर्ट परिसर को वाइल्ड लाइफ टीम ने वन्य प्राणियों से मुक्त कर दिया है। गुरुवार को अंतिम दिन तीन नीलगाय और पकड़ीं। वाइल्ड लाइफ के पीसीसीएफ यानी प्रधान मुख्य वन संरक्षक डॉ. विवेक सक्सेना ने सरकार को इसकी रिपोर्ट भेजी है। एयरपोर्ट अथॉरिटी को भी लिखकर



हिसार में रैली स्थल पर नीलगाय।

दिया है कि आज के दिन एयरपोर्ट परिसर में नीलगाय या अन्य कोई वन्य प्राणी नहीं है। इससे पहले विभाग दो रिपोर्ट सौंप चुका है। उसके बाद भी जानवर मिले थे। अब तीसरी रिपोर्ट भेजी है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR JAIPUR 13 APRIL 2025

**मौसम** 50 फ्लाइट डायवर्ट और 18 रद्द, यात्रियों ने किया हंगामा

# दिल्ली में धूल भरी आंधी, 450 फ्लाइट देरी से उड़ीं

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शुक्रवार शाम बारिश और धूलभरी आंधी से उड़ानों की आवाजाही ठप हो गई। शुक्रवार रात से शनिवार रात तक 450 से अधिक उड़ानें प्रभावित हुईं। 50 से अधिक को डायवर्ट, 18 को रद्द करना पड़ा। उड़ानों में औसतन 50 मिनट देरी हुई। हवाई अड्डे पर लंबे इंतजार और अपडेट सूचना न मिलने की शिकायत को लेकर सैकड़ों यात्रियों ने टर्मिनल-3 पर हंगामा किया। एक यात्री ने एक्स पर लिखा, 'दिल्ली हवाई अड्डा अव्यवस्था का अड्डा बन गया है।' एयरपोर्ट ऑपरेटर डायल ने शनिवार रात 9:10 बजे एक्स पर लिखा, अब सभी टर्मिनल पर फ्लाइट संचालन सामान्य हो गया है।' मालूम हो, हवाई अड्डे पर एक रनवे के रखरखाव के कारण केवल तीन रनवे ही चालू हैं।




## 15 अप्रैल से मप्र, राजस्थान समेत 7 राज्यों में फिर हीटवेव

**नई दिल्ली/पानीपत/पटना** | पश्चिमी विक्षोभ अब आगे बढ़ गया है। इसलिए उत्तर से मध्य व पूर्वी भारत को भीषण गर्मी से मिली राहत जल्द खत्म हो जाएगी। मौसम विभाग के मुताबिक, 15 अप्रैल से हीटवेव का नया दौर शुरू होगा, जो गुजरात, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, यूपी व मप्र में तीन दिन तक चरम पर रहेगा। इस दौरान तापमान सामान्य से 5 डिग्री तक ज्यादा रह सकता है। पश्चिमी राजस्थान में तापमान 46 डिग्री के आसपास दर्ज होगा। 18 से 24 अप्रैल के दौरान भी इन इलाकों में लू जारी रहेगी, लेकिन तीव्रता में कमी आ सकती है। हालांकि 18-24 अप्रैल के बीच बिहार, झारखंड व बंगाल में लू चलेगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DESHBANDHU DELHI 14 APRIL 2025

# एयरपोर्ट के दो रनवे व विमान के इंजन बनाने की कंपनी लगाने का रास्ता साफ

- **जेवर एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर तीसरे और चौथे चरण में जमीन अधिग्रहण की अधिसूचना जारी**
- **14 गांवों की 2053 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण, इन गांवों में जमीन की खरीद फरोख्त पर लगी रोक**



**ग्रेटर नोएडा**,13 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के विस्तार को लेकर शासन से तीसरे और चौथे चरण में जमीन अधिग्रहण को धारा-11 की अधिसूचित जारी कर दी है। इससे अब तीसरे और चौथे चरण में बनने वाले दो रनवे और विमान के इंजन बनाने वाली कंपनियों के लगाने का रास्ता साफ हो गया है। अधिसूचित जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने इन 14 गांवों में जमीन की फरोख्त पर रोक लगा दी है। अधिग्रहण से प्रभावित 8,424 परिवरों के पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थपान के लिए एसडीएम को जेवर को प्रशासन नियुक्त कर दिया गया है।

एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण में कुल 2053 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। इनमें से 14 गांव की 1888.98 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा, शेष भूमि प्रशासन के पास पहले से है। भूमि अधिग्रहण के लिए किसानों से सहमति मांगी गई थी। अब 70 प्रतिशत से ज्यादा किसान जमीन देने के तैयार हो गए। जिस पर जिला प्रशासन ने जमीन अधिग्रहण का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया। शासन ने जमीन अधिग्रहण की पहली प्रक्रिया धारा-11 की अधिसूचित जारी कर दी है। अधिसूचित जारी होने के बाद अब इन गांवों में जमीन की खरीद फरोख्त नहीं की जा सकती है। इन गांवों में 18 वर्ष से कम उम्र के 10847 बच्चे, 16343 पुरुष और 15243 महिलाएं शामिल है। वहीं, अधिग्रहण से प्रभावित करीब 936 परिवार विस्थापित होंगे। इनमें 7977 पुरुष और 1385 महिलाएं शामिल हैं। इस जमीन पर दो रनवे और 750 एकड़ में विमानों के इंजन बनाने वाली कंपनी स्थापित होगी। इसके अलावा एयरपोर्ट पर क्रॉसिंग और सर्विस रनवे भी बनाए जाएंगे, जिनसे चलकर विमान हैंगर तक पहुंचेंगे।

### दूसरे चरण में यह काम होंगे

दूसरे चरण की 1365 हेक्टेयर जमीन में 490 एकड़ में एक रनवे बनेगा, सर्विस रनवे बनेगा और करीब 800 एकड़ में एविएशन इंडस्ट्री लगाई जाएगी। वर्ष 2025 तक देश में 1800 विमानों की संख्या होने का अनुमान हैं, जबकि वर्तमान में 700 विमान हैं। उसी हिसाब से एमआरओ हब का विकास किया जाना है।

### कुल पांच रनवे बनाए जाएंगे

एयरपोर्ट पर कुल पांच रनवे बनेंगे। इनमें प्रथम चरण में 1334 हेक्टेयर में एक रनवे बन रहा। वहीं, दूसरे चरण में दो और तीसरे व चौथे चरण में भी भी दो रनवे बनेंगे। प्रत्येक रनवे के बीच डेढ़ किलोमीटर तक दूरी रहेगी, ताकि सभी स्वतंत्र होकर कार्य कर सके। इससे कम दूरी होने पर रनवे से फ्लाइट को टेकऑफ और लैंडिंग में कोई दिक्कत नहीं होगी।

## जमीन अधिग्रहण में खर्च होंगे साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए

- **तीनों प्राधिकरणों को प्रशासन जारी करेगा डिमांड पत्र**
- **ग्रेनो और यमुना अदा करेंगे 12.5 फीसदी और नोएडा देगा 37.5 फीसदी**

**ग्रेटर नोएडा**। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीसरे और चौथे चरण में मुआवजा में साढ़े आठ हजार करोड़ रुपए का वितरण किया जाएगा। कैबिनेट से नई दरों पर मुहर लगने के बाद नए वित्तीय वर्ष से मुआवजे का वितरण शुरू किया जाएगा। इसमें एयरपोर्ट के सभी स्टेक होल्डर्स को प्रशासन की ओर से मांग पत्र भेजेगा।

प्रशासन के आकलन के अनुसार 14 गांवों के साढ़े 14 हजार किसानों को 86 अरब 91 करोड़ 19 लाख 532 रुपए का मुआवजा वितरण किया जाएगा। इसमें तय मानक के अनुसार शासन और नोएडा प्राधिकरण को अलग अलग 37.5 फीसदी की हिस्सेदारी देनी है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा 12.25-12.25 फीसदी अदा करेगा। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिसम्बर 2024 में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के तीसरे चरण के लिए जमीन देने वाले किसानों का मुआवजा 38 फीसदी तक बढ़ाया था। किसानों के साथ संवाद में सीएम ने मुआवजा 3100 रुपए प्रति वर्गमीटर से बढ़ाकर 4300 रुपये वर्गमीटर तक करने का ऐलान किया था। मुआवजे की नई कीमतें तय होने के बाद अब प्राधिकरण पर करीब तीन हजार करोड़ रुपए का बोझ बढ़ गया है। इसके साथ ही नोएडा एयरपोर्ट के व्यावसायिक संचालन से पहले ही यमुना सिटी में ग्रुप हाउसिंग, व्यावसायिक से लेकर औद्योगिक और अन्य गतिविधियों के लिए जमीन की मांग बढ़ी है। सबसे अहम बात यह है कि अमेरिका की एक बड़ी कंपनी ने अमेरिकन सिटी की परिकल्पना के साथ 100 एकड़ जमीन के लिए 32 करोड़ प्राधिकरण को दे दिया है। जमीन की बढ़ती मांग और मुआवजे के बोझ से बचने के लिए तीनों प्राधिकरण अब जमीन की बढ़ी कीमतों से भरपाई करेंगे।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN HERALD BANGALORE 13 APRIL 2025

# Delhi airport: Over 450 flights delayed, many cancelled due to congestion

NEW DELHI, PTI

Hundreds of passengers waited for long hours at the Delhi airport on Saturday as more than 450 flights were delayed and many flights were cancelled due to congestion, with the situation starting to ease from the afternoon onwards.

Chaotic scenes were witnessed at the airport with many passengers standing at some places inside the airport and waiting for updates on Friday evening and Saturday morning as the impact of flight disruptions due to inclement weather conditions persisted.

Many people took to social media to complain about the chaos and flight delays.

Delhi airport operator DIAL put out multiple updates on social media platform X about flight operations, along with some pictures of waiting areas inside the airport.

In a post on X at 7.19 pm, DIAL said flight operations at the airport are normal across all terminals.

At 5.01 pm, it said flight operations at the airport are normal, but some airlines are still affected by last night's weather conditions. "Our teams are working hard to minimise inconvenience. Please check flight status on our website and airline websites for updates".

In a post at 11.53 am, DIAL said that last night's inclement weather significantly impacted flight operations across country, "We want to assure you that all airlines and stakeholders are working hard to minimise any inconvenience to passengers," it said.

Over 450 flights were delayed and the average delay for departing flights was around 50 minutes. Around 18 flights were cancelled, as per data from flight tracking website Flightradar24.com.

IndiGo, in a post on X, said please expect a wait while flying to/from Delhi. "Ongoing air traffic congestion in Delhi is causing flights to be held for takeoff and landing clearance. Due to the consequential impact, a few flights across the network are impacted too," it said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN | DELHI | 14 APRIL 2025

# दुबई की तरह आइजीआइ एयरपोर्ट को ग्लोबल हब बनाने की तैयारी

गौतम कुमार मिश्रा • जागरण

- मानदंड पूरे करने को डायल कर रहा प्रयास, कनेक्टिंग उड़ानों पर दिया जा रहा विशेष ध्यान
- एयर साइड और सिटी साइड पर बढ़ाई जा रही सुविधा, बैगेज ट्रांसफर पर भी हो रहा कार्य



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट • जागरण आर्काइव

नई दिल्ली: यदि सब कुछ सही रहा तो आने वाले दो वर्षों में सिंगापुर के चांगी या दुबई एयरपोर्ट की तरह ही आइजीआइ एयरपोर्ट ग्लोबल हब बन जाएगा। अभी आइजीआइ पर सलाना करीब 2.10 करोड़ यात्रियों की आवाजाही हो रही है, जिसके अगले वर्ष तक 2.40 करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। आइजीआइ एयरपोर्ट की संचालन एजेंसी डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार का कहना है कि एक वैश्विक परामर्श अध्ययन ने प्रमुख मानदंडों की पहचान की है, जिन्हें आइजीआइ एयरपोर्ट को ग्लोबल हब के रूप में मान्यता प्राप्त करने के लिए पूरा करना होगा। अच्छी बात यह है कि हमने उन मानदंडों के करीब पहुंचने को तैयारी शुरू कर दी हैं। इस तैयारी के तहत डायल एक ओर प्रमुख एयरलाइंस व दुनिया के प्रमुख एयरपोर्ट संचालन एजेंसियों से बात कर रहा है। दूसरी ओर, एयरपोर्ट पर यात्रियों को सहूलियत हो, इसके लिए सीआइएसएफ, कस्टम, इमिग्रेशन सहित तमाम एजेंसियों से भी बात कर रहा है।

डायल का कहना है कि यूरोप व अमेरिका में बढ़ोतरी की गुंजाइश तो है, लेकिन अब हम लोगों का ध्यान एशिया प्रशांत क्षेत्र के देशों पर है। आस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड पर हम लोग ध्यान दे रहे हैं। न्यूजीलैंड के आकलैंड स्थित एयरपोर्ट के साथ एमओयू कर रहे हैं। इसके लिए प्रमुख एयरलाइंस से बात चल रही है। भारतीय एयरलाइंस की बात करें तो इंडिगो व एअर इंडिया की इसमें विशेष भूमिका होगी। दोनों एयरलाइंस न सिर्फ अपने बेड़े बल्कि दिल्ली को देश व दुनिया के नए-नए शहरों से जोड़ने के लिए उड़ानें भी शुरू कर रहे हैं।

ग्लोबल हब बनने के लिए कनेक्टिंग उड़ानों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसमें घरेलू से अंतरराष्ट्रीय, घरेलू से घरेलू, अंतरराष्ट्रीय से अंतराष्ट्रीय कनेक्टिंग उड़ानें शामिल हैं। डायल का कहना है कि कनेक्टिंग उड़ानों में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए कई स्तरों पर कार्य हो रहा है। पहले स्तर पर हमारी कोशिश है कि किसी भी कनेक्टिंग उड़ानों में दो घंटे से अधिक का विलंब नहीं हो। साथ ही बैगेज ट्रांसफर का काम आसानी से हो। यात्रियों को एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल जाने में अपने साथ बैगेज ढोने की मजबूरी से निजात मिले। इस दिशा में कुछ कार्य ट्रायल बेसिस पर हो रहा है। कनेक्टिंग उड़ानों में सुरक्षा जांच भी काफी समय लेने वाली प्रक्रिया है। डायल का कहना है कि सुरक्षा जांच प्रक्रिया के साथ किसी भी तरह का समझौता तो नहीं किया जा सकता है, लेकिन हम इस बात की कोशिश जरूर कर सकते हैं कि अत्याधुनिक तकनीक या ज्यादा संख्या में कर्मियों की डयूटी लगाकर सुरक्षा जांच की प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम कर सकते हैं। इसी तरह घरेलू से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में यात्रियों के इमिग्रेशन की प्रक्रिया को अत्याधुनिक तकनीक की मदद से आसान बनाया जा रहा है।

कनेक्टिंग फ्लाइट के लिए एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल पर जाने में कोई दिक्कत नहीं हो, इसके लिए परिवहन की व्यवस्था में सुधार किया जा रहा है। कोशिश है कि प्रत्येक 10 मिनट के अंतराल पर एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल में जाने के लिए बस की सुविधा बहाल हो। इसी तरह डायल की कोशिश है कि लगेज का ट्रांसफर एक टर्मिनल से दूसरे टर्मिनल तक एयर साइड से ही हो। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टर्मिनल 3 पर नए स्टैंड की व्यवस्था की जा रही है। 2029 तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एक नया गलियारा बनकर तैयार हो जाएगा।

## ये होता है ग्लोबल हब

उड्डयन मे ग्लोबल हब का अर्थ ऐसे एयरपोर्ट से है, जो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों, यात्रियों, कार्गो और कनेक्टिंग फ्लाइट्स के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह एयरपोर्ट विभिन्न देशों और क्षेत्रों को जोड़ने का केंद्र होता है, जहां से बड़ी संख्या में उड़ानें संचालित होती हैं और जो वैश्विक हवाई यातायात को सुगम बनाता है। इसकी प्रमुख विशेषताओं में कनेक्टिविटी, हाई ट्रैफिक, एयरलाइंस का संचालन केंद्र होने के साथ-साथ उन्नत बुनियादी सुविधाएं, बड़े टर्मिनल, कार्गो हैंडलिंग और रखरखाव सुविधाएं शामिल होती हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 13 APRIL 2025

# आइजीआइ एयरपोर्ट पर 400 उड़ानों में देरी



आइजीआइ एयरपोर्ट पर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा • इंटरनेट मीडिया

**जासं, नई दिल्ली:** खराब मौसम और रनवे बंद होने की वजह से इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट पर लगातार दूसरे दिन शनिवार को 400 से ज्यादा उड़ानों में देरी हुई। नतीजन, यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शुक्रवार शाम को तेज हवा के साथ वर्षा होने से उड़ानों पर काफी असर पड़ा। बड़ी संख्या में उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। विलंब का यह क्रम शनिवार को भी जारी रहा। एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़ने से अफरातफरी का माहौल रहा। यात्रियों ने इंटरनेट मीडिया पर लंबी कतारों और भीड़भाड़ की तस्वीरें और वीडियो साझा की। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) ने भी इसको लेकर जानकारी साझा की है। घरेलू व अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के प्रस्थान की बात की जाए, तो 234 उड़ानों के प्रस्थान में देरी हुई और 175 उड़ानों का आगमन देरी से हुआ। ज्यादातर उड़ानों का औसतन प्रस्थान 40 मिनट से अधिक का रहा। डायल ने बताया कि एयरपोर्ट पर उड़ानों के संचालन में सुधार हो रहा है, शुक्रवार रात के मौसम के कारण कुछ उड़ानें भी प्रभावित हैं। वहीं, इंडिगो एयरलाइन के अनुसार, एयर ट्राफिक की वजह से टेकआफ और लैंडिंग क्लीयरेंस के लिए रोका जा रहा है। इस वजह से कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

DAINIK NAVJYOTI JAIPUR 13 APRIL 2025

# उत्तर भारत में सबसे ज्यादा फ्लाइट डायवर्जन जयपुर एयरपोर्ट पर

## अत्यधिक विकसित तकनीकी उपकरणों से लैस जयपुर एयरपोर्ट के रनवे पर हर तरह के विमान की लैंडिंग संभव

**नवज्योति, जयपुर।** राष्ट्रीय राजधानी के एयरपोर्ट पर मौसम खराबी को या फिर किसी अन्य कारणों से फ्लाइटों की लैंडिंग नहीं हो पाती है तो उत्तर भारत में जयपुर अन्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट एक माध्यम होता है, जहां सबसे अधिक फ्लाइटों का डायवर्जन होता है। इसका प्रमुख कारण अत्यधिक विकसित तकनीकी उपकरणों से लैस जयपुर एयरपोर्ट के रनवे पर हर तरह के विमान की लैंडिंग संभव हो जाती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात को हुए खराब मौसम के चलते लिपजिग, जर्मनी से आ रही कार्गो फ्लाइट को लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली तो इसे जयपुर एयरपोर्ट का ऑप्शन दिया गया। चूंकि यह कार्गो फ्लाइट एयरबस 330 जैसे बड़े विमान के जरिए संचालित हो रही थी तो इसे केवल




चुनिंदा एयरपोर्ट पर ही डायवर्ट किया जा सकता था। आमतौर पर कुछ साल पहले ऐसे बड़े विमानों की लैंडिंग के लिए दिल्ली के बाद अहमदाबाद या मुंबई एयरपोर्ट का विकल्प दिया जाता था, लेकिन अब ऐसी फ्लाइट्स को दिल्ली के सबसे नजदीकी जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड कराया जाता है।

### तकनीक के लिहाज से कई महत्वपूर्ण अपग्रेडेशन किए

पिछले कुछ सालों में जयपुर एयरपोर्ट पर तकनीक के लिहाज से कई महत्वपूर्ण अपग्रेडेशन किए गए हैं। फ्लाइट्स की दृश्यता के लिहाज से आरवीआर, इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम और पैरेलल टैक्सी ट्रैक जैसी सुविधाएं विकसित की जा चुकी हैं। पिछले साल से शुरू देश का पहला ऑटोमेटिक वैदर ऑब्जर्विंग सिस्टम जयपुर एयरपोर्ट से लहया गया, जिसके जरिए रियल टाइम में मौसम की एक्यूरेसी जानी जा सकती है। इसी के साथ जयपुर एयरपोर्ट पर दो एयर ऑपरेशन कमांड सेंटर संचालित होते है। ऐसे में खराब मौसम के दौरान भी हालात सुधरने पर तुरंत विमान की लैंडिंग कराया जाना संभव है। यही कारण रहा कि 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च, 2025 तक कुल 463 विमान जयपुर डायवर्ट हुए। इनमें सर्वाधिक 390 फ्लाइट कोड सी यानी एयरबस 320 या बोइंग 737 श्रेणी के थे, कोड डी मे कुल 6 फ्लाइट और कोड ई मे कुल 30 फ्लाइट तथा अन्य 37 चार्टर जयपुर डायवर्ट हुए।

### 463 विमान जयपुर डायवर्ट हुए

वर्ष 2024-25 कुल 463 विमान जयपुर डायवर्ट हुए। इसी तरह वर्ष 2023-24 मे कुल 347 विमान डाइवर्ट हुए थे। इस वर्ष 2025-26 मे 1 से 11 अप्रैल तक 20 फ्लाइट डायवर्ट होकर जयपुर पहुंची। इनमे 16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट शामिल है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

DAINIK NAVJYOTI JAIPUR 13 APRIL 2025

# झालावाड़ एयरपोर्ट से पहली उड़ान भरकर अभिभूत हूं: राजे

## झालावाड़ हवाई सेवा से कनेक्ट, जेट ने भरी दिल्ली उड़ान

**न्यूज सर्विस/नवज्योति, झालावाड़।** झालावाड़ का पंडित दीन दयाल उपाध्याय एयरपोर्ट बनकर तैयार है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे व सांसद दुष्यंत सिंह ने शनिवार को इस एयरपोर्ट से दिल्ली की पहली उड़ान भरी। जेट विमान की इस उड़ान के साथ ही अब झालावाड़ हवाई सेवा से जुड़ गया है। पहली उड़ान के लिए हनुमान जयंती का अवसर चुना गया, क्योंकि हनुमान जी को पवन के वेग से भी तेज उड़ने में महारत हासिल थी। उल्लेखनीय है कि इस एयरपोर्ट का रनवे 3 हजार



120 मीटर लंबा है, जहां बोइंग 747 जैसे जंबोजेट भी आसानी से उतर सकते हैं। इतना लंबा रनवे झालावाड़ एयरपोर्ट के अलावा सिर्फ. उत्तर भारत के जालंधर तथा कुशीनगर जैसे बड़े शहरों में है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारे ड्रीम प्रोजेक्ट झालावाड़ एयरपोर्ट से पहली उड़ान भरकर अभिभूत हूं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का आभार। उन्होंने कहा यातायात के लिए चार मार्ग होते है। सड़क, रेल, हवाई और जल मार्ग। जब मैं पहली बार यहां से सांसद बनी, तब इस क्षेत्र में सड़क मार्ग बहुत कम थे और जो थे वह भी दुरुस्त नहीं थे। आज चारों तरफ चमचमाती सड़के हैं। रेल और हवाई सेवा भी है। अगर यहां समुद्र होता तो क्रूज जहाज भी चल जाता।

GREATER KASHMIR SRINAGAR 12 APRIL 2025

# Over 15 flights diverted at Delhi airport due to adverse weather conditions

**Press Trust of India**
New Delhi, Apr 11

More than 15 flights were diverted at the Delhi airport on Friday evening due to inclement weather conditions.

The national capital witnessed strong dust storms and gusty winds.

A source said that over 15 flights were diverted at the Indira Gandhi International Airport (IGIA).

"Due to inclement weather conditions in Delhi, some of the flights at Delhi Airport are impacted. Passengers are advised to contact their respective airlines for the latest flight updates," airport operator DIAL said in a post on X at 1915 hours.

IndiGo said Delhi and Jaipur are experiencing a dust storm, affecting takeoffs and landings and potentially causing air traffic congestion. This may lead to delays or diversions, the operator said in the post.

The India Meteorological Department (IMD) issued an orange alert for

Delhi and the adjoining NCR, warning of adverse weather conditions in the coming hours.

HINDUSTAN DELHI 14 APRIL 2025

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर निर्णय लिया गया, मई के बाद एयरपोर्ट शुरू होने की उम्मीद

# नोएडा एयरपोर्ट से तीन रूटों पर बस चलेंगी

प्रोजेक्ट अपडेट

**ग्रेटर नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से ग्रेटर नोएडा परी चौक तक बस संचालन को उत्तरप्रदेश सरकार ने हरी झंडी दिखा दी है। साथ ही यमुना सिटी में दो नए रूटों पर बस चलाने का निर्णय हुआ है, इन रूटों का निर्धारण भी हो गया है।

बसों का संचालन यूपी सड़क परिवहन विभाग करेगा। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परिवहन विभाग की बैठक में निर्णय लिया गया। मई के बाद एयरपोर्ट शुरू होने की उम्मीद है। फिलहाल क्षेत्र में सार्वजनिक सुविधा नहीं है, ऐसे में राज्य सड़क परिवहन विभाग ने तीन नए बस रूटों का निर्धारण किया है। इनमें सबसे प्रमुख नोएडा एयरपोर्ट से ग्रेटर नोएडा के परी चौक को जोड़ने वाला रूट है।

42 किलोमीटर लंबे इस बस रूट का लाभ विशेष तौर पर क्षेत्र के स्थानीय लोगों के साथ एयरपोर्ट आने वाले यात्री को मिलेगा। उन्हें ग्रेटर नोएडा पहुंचने में आसानी होगी। हालांकि, एयरपोर्ट से परी चौक की कनेक्टिविटी के लिए वर्ष 2023 से एक बस सेवा चल रही है। इसके अलावा सेक्टर-37 बॉटनिकल गार्डन से नोएडा के सेक्टर 20, 21 होते हुए कुलेसरा और भंगेल तक बस सेवा शुरू होगी, जबकि तीसरा बस रूट यीडा के क्षेत्रीय कार्यालय से दनकौर गोलचक्कर और सेक्टर 17 होते हुए भंगेल तक 51 किलोमीटर लंबा है।

इन रूटों पर बस संचालन का लाभ रघुपुरा, नोएडा के सेक्टर 17, 20, 21 और सेक्टर 26 के निवासियों के साथ जीबीयू, गलगोटिया व एनआईयू के छात्रों, परी चौक एवं कलेक्ट्रेट, जगत फार्म और सूरजपुर, कुलेसरा, भंगेल के रहने वाले लोगों को मिलेगा।



### पश्चिमी यूपी के जिले भी जुड़ेंगे

यमुना सिटी मे एयरपोर्ट शुरू होने के बाद औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। ऐसे मे भविष्य मे दिल्ली से भी नोएडा एयरपोर्ट को जोड़ने के लिए इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने की भी योजना है। पश्चिमी उत्तरप्रदेश के जिलो को भी एयरपोर्ट से जोड़ने पर विचार चल रहा है। इसको लेकर तैयारी काफी आगे बढ़ चुकी है।

### उत्तराखंड, हरियाणा सरकार से हो चुका समझौता

एयरपोर्ट को उत्तराखंड के देहरादून और हरियाणा के चंडीगढ़, अंबाला समेत विभिन्न शहरो से जोड़ने के लिए भी यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड की ओर से इन राज्यों के परिवहन विभाग से समझौता हो चुका है। एयरपोर्ट पर फ्लाइट शुरू होने के पहले से ही यह सुविधा शुरू हो जाएगी। वहीं, तीनो प्राधिकरण भी 23 रूटों पर इलेक्ट्रिक बस चलाने की तैयारी कर चुका है। इन रूटों का भी निर्धारण हो चुका है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE INDIAN EXPRESS DELHI 14 APRIL 2025

# Amaravati project gets bigger: Naidu Govt seeks to acquire another 30,000 acres

## Plans international airport, more roads



New housing for All India Service officers in the Amaravati capital area. *Sreenivas Janyala*

**SREENIVAS JANYALA**
HYDERABAD, APRIL 13

WITH ANDHRA Pradesh Chief Minister N Chandrababu Naidu reviving his dream project to make Amaravati the state's capital soon after he returned to power last June, the state government is planning to acquire another 30,000-40,000 acres of land for additional infrastructure projects, including an international airport.

This is in addition to the 34,241 acres acquired from 29,881 farmers in 29 villages of Guntur district during Naidu's earlier stint as CM from 2014 to 2019.

Naidu had first announced Amaravati as the state capital when the TDP came to power in 2014. But after losing power in 2019, the project was scrapped by the YSRCP government which proposed a "three capital formula" for "decentralised governance" — Amaravati as legislative capital, Visakhapatnam as administrative capital, and Kurnool as judicial capital.

Work on the Amaravati project restarted after Naidu's return to power last June. The state government now wants to expand the capital development plan by including an international airport and more outer and inner

CONTINUED ON PAGE 2

## • Amaravati project

access roads, said sources.

The Andhra Pradesh Capital Region Development Authority (APCRDA) is learnt to be scouting for land in the villages located in the core capital zone, in Guntur and Krishna districts.

According to sources, a new international airport has been proposed in Amaravati not only to provide quick and easy access to the capital city, but also in view of the fact that the nearest airport at Vijayawada may soon become congested.

Besides an airport, the additional land is proposed to be used for an outer ring road to provide access to the capital region, including the 16.9-sq-km seed capital area, and to new highways and expressways, mainly going towards Hyderabad and other parts of Andhra Pradesh including Machilipatnam and Visakhapatnam.

The Naidu government has put the project on the fast track. APCRDA Commissioner K Kannababu said Prime Minister Narendra Modi has been invited to inaugurate the restarting of Amaravati works, estimated at Rs 1 lakh crore. Chief Secretary K Vijayanand said Modi is expected to come later this month.

Last month, the APCRDA cleared 59 tenders for developmental works worth Rs 37,702.15 crore, including construction or upgradation of roads and bridges, construction of three reservoirs as part of the Krishna river flood management plan, water supply, and development of parks and green spaces.

P Narayana, Minister for Municipal Administration and Urban Development, said these tenders were part of the 73 works worth Rs 48,012 crore cleared by the Cabinet. About 20,000 workers from across the country, mostly from Uttar Pradesh, Bihar, Jharkhand, Odisha and Chattisgarh, are expected in the state to work on the projects. Sources said the state government is confident of completing the Amaravati project this time, after securing funds from the Centre (Rs 15,000 crore), World Bank (US$ 800 million), HUDCO (Rs 11,000 crore), and ADB (US$ 789 million).

The Naidu government has also started re-engaging with the Singapore government, which had helped prepare the original Amaravati masterplan. Earlier this month, Chief Secretary K Vijayanand held talks with a Singapore government delegation which arrived in Amaravati. The state government sought the Singapore government's full support for the Amaravati project, said sources.

Minister Narayana estimated the total cost of developing the basic capital city of Amaravati, as per the proposed plan and facilities, at about Rs 64,000 crore.

According to the plan, the greenfield project includes a 217-sq-km core capital region within which is the 16.9-sq-km seed capital area housing the Secretariat, Legislative Complex, High Court building, housing for ministers, MLAs, MLCs, HC Judges, senior IAS and IPS officers.

Nine theme cities are planned in the larger capital region — knowledge city, health city, electronics city, tourism city, justice city, media city, sports city, finance city and government city.

The actual capital region plan envisages a vast 7,420-sq-km metropolitan area, covering Vijayawada city and surrounding areas, including the districts of Guntur and Krishna, of which 217 sq km forms the core capital area.

Meanwhile, of the land acquired earlier, the APCRDA has an excess of 6,203 acres, of which 1,900 acres will be allocated to organisations across various sectors including education, medical services and hospitality, according to Minister Narayana.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE INDIAN EXPRESS DELHI 14 APRIL 2025

# Airport, thermal power plant: PM to launch slew of projects in Haryana today

**EXPRESS NEWS SERVICE**
CHANDIGARH, APRIL 13

CHIEF MINISTER Nayab Singh Saini on Sunday said Prime Minister Narendra Modi's visit to Haryana on Monday will mark the beginning of a new developmental chapter for the state.

Modi will launch several development initiatives to mark the birth anniversary of B R Ambedkar. Modi will inaugurate the Hisar airport and flag off a commercial flight to Ayodhya in Uttar Pradesh. He will also lay the foundation stone of the new terminal building at the airport.

At another event in Yamunanagar, he will lay the foundation stone of an 800 MW modern thermal power unit of Deenbandhu Chhotu Ram Thermal Power Plant. He will also address public gatherings in Hisar and Yamunanagar.

Saini said that under the leadership of Modi, the country is making fast progress to realise the vision of a developed nation by 2047. "Our mission is to ensure that the light of development reaches every citizen and our nation continues to progress on the path of self-reliance," he said.

The Indian

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

JANSATTA DELHI 14 APRIL 2025

# आज हिसार हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे मोदी

## अयोध्या के लिए पहली उड़ान रवाना होगी

चंडीगढ़, 13 अप्रैल (ब्यूरो)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को हिसार में निर्मित महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का उद्घाटन करेंगे। वे अयोध्या के लिए पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 14 अप्रैल का दौरा राज्य के लिए विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा। मोदी सोमवार को हरियाणा में रहेंगे और भीम राव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर कई विकास पहलों की शुरुआत करेंगे।

मोदी हिसार हवाई अड्डे का उद्घाटन करेंगे और उत्तर प्रदेश के अयोध्या के लिए एक वाणिज्यिक उड़ान को हरी झंडी दिखाएंगे। वे हवाई अड्डे पर एक नए टर्मिनल भवन की आधारशिला भी रखेंगे। मोदी यमुनानगर में एक अन्य कार्यक्रम में दीनबंधु छोटू राम ताप ऊर्जा संयंत्र की 800 मेगावाट की एक आधुनिक ताप ऊर्जा इकाई की आधारशिला रखेंगे। वे हिसार और यमुनानगर में जनसभाओं को संबोधित भी करेंगे। उन्होंने कहा कि हिसार से अयोध्या (सप्ताह में दो बार) और जम्मू, अहमदाबाद, जयपुर और चंडीगढ़ के लिए सप्ताह में तीन उड़ानें हरियाणा की विमानन संपर्कमें एक अहम छलांग साबित होंगी।



यमुनानगर में दीनबंधु छोटू राम ताप ऊर्जा संयंत्र की 800 मेगावाट की एक आधुनिक ताप ऊर्जा इकाई की आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री सैनी ने कहा, प्रधानमंत्री का दौरा राज्य के विकास के एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

